# कौशल रोजगार निगम के जरिये भर्ती होंगे 8 हजार सफाई कर्मचारी


संदीप जोशी

चंडीगढ़, 3 अप्रैल (ट्रिन्यू)

हरियाणा के गांवों में 7 हजार 795 सफाई कर्मचारियों की भर्ती होगी। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के जरिये कांट्रेक्ट पर सफाई कर्मचारी रखे जाएंगे। विभाग की ओर से इस संदर्भ में कौशल रोजगार निगम को डिमांड भेजी जा चुकी है। गांवों में आबादी के हिसाब से सफाई कर्मचारियों की तैनात के लिए रेशनलाइजेशन की गई। ऐसे में गांवों में सफाई कर्मचारियों के पदों की संख्या बढ़ गई है।

दरअसल, अभी तक प्रदेश में 2011 की जनसंख्या के हिसाब से सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाती रही थी। केंद्र की मोदी सरकार के स्वच्छता मिशन के चलते राज्य की नायब सरकार ने सफाई कर्मचारियों की तैनात को लेकर नया फार्मूला बनाया है। अब गांवों में एक हजार की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी होगी। पांच हजार की आबादी तक पांच। वहीं 10 हजार की आबादी तक 8 और 10 से 20 हजार तक की आबादी वाले गांवों में 10 सफाई कर्मचारियों की तैनाती होगी।

हरियाणा में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के 18 हजार 580 स्वीकृत पद हैं। इनमें से 10 हजार 585 पद भरे हुए हैं। बाकी को कांट्रेक्ट भर्ती के जरिये भरा जाएगा। हालांकि पुरानी जनसंख्या के हिसाब से सफाई कर्मचारियों के पदों की संख्या 11 हजार 254 थी।

नये फार्मूले के बाद इन पदों में बढ़ोतरी हुई है। अब कौशल रोजगार निगम द्वारा 7 हजार 795 पदों को भरने के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद गांवों में सफाई कर्मचारियों की कमी दूर होगी।



"हरियाणा सरकार ने नया फार्मूला बनाकर सफाई कर्मचारियों के पदों में बढ़ोतरी की है। 7 हजार 795 सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए कौशल रोजगार निगम को डिमांड भेजी जा चुकी है।"
-कृष्ण लाल पंवार, विकास एवं पंचायत मंत्री

"गांवों में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। बड़ी संख्या में पद खाली हैं। सरकार ने लम्बे समय से भर्ती नहीं की है। सफाई कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोतरी की मांग भी सरकार को माननी चाहिए।"
-पूजा चौधरी, मुलाना विधायक